**<u>भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001</u>**

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/41**

## भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा "सोया आधारित उत्पादों का प्रसंस्करण और उपोत्पाद उपयोग" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

"स्वर्ण बीन" सोयाबीन, की विस्तृत क्षमताओं की असीम संभावनाएं देश के किसानों को तो इस फसल की ओर आकर्षित करती ही है तथा अब इसका रुझान खाद्य उद्योग में भी नज़र आने लगा है। इसी परिदश्य को देखते हुए फ़ूड स्टार्टअप्स करने वाले युवाओं के लिए भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा 4 अगस्त 2022 से 6 अगस्त 2022 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ महावीर प्रसाद शर्मा, डॉ मनोज श्रीवास्तव तथा वैज्ञानिक डॉ नेहा पांडे द्वारा सोयापनीर, सोयादूध, टोफू तथा सोया निर्मित बेकरी उत्पादों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में बेंगलुरु (कर्नाटक), परभणी (महाराष्ट्र) एवं कानपुर (उत्तर प्रदेश) से प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे तथा संस्थान द्वारा संचालित कृषि-व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र के अधिकारियों द्वारा सोयाबीन के स्वास्थ लाभ, सोया आधारित खाद्य उत्पाद, सोयाबीन प्रसंस्करण के लिए उपयोगी जानकारी, सोया नट्स पर प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण पश्चात ज्ञान्स्तर आंकलन पर चर्चा की गयी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रशिक्षित आगंतुकों को संस्थान की कार्यवाहक निदेशक महोदया डॉ नीता खांडेकर द्वारा प्रमाण पत्र देकर बधाई दी गयी साथ ही निदेशक महोदया ने वर्तमान तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए प्रशिक्षणार्थियों को आश्वस्त किया और सफल उद्यम के आरम्भ के लिए शुभकामनाएं दी।

..........................................................................












ICAR
एग्री - बिजनेस इनक्यूबेशन ( ए. बी. आई. )
भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड,
52001 (म.प्र.)